# हम है बांके बिहारी के बांके बिहारी हमारे है भजन लिरिक्स

हम है बांके बिहारी के,
बांके बिहारी हमारे है,
पल भर ना रहते दूर कहीं,
सांचे मीत हमारे है।bd।

तर्ज – तेरा मेरा प्यार अमर।

---

रहता हमारा सदा उनको ध्यान,
आने ना देते कोई व्यवधान,
वो ही जीवन धन हमारे है,
बाँके बिहारी हमारे है,
हम है बाँके बिहारी के,
बांके बिहारी हमारे है।bd।

---

वो है दिन बंधू मैं हूँ अति दीन,
वो है सुख के सिन्धु मैं हूँ जल की मीन,
ऐसे संबंध हमारे है,
बाँके बिहारी हमारे है,
हम है बाँके बिहारी के,
बांके बिहारी हमारे है।bd।

---

'चित्र विचित्र' के पालन हार,
सदा ही लुटाते है अनुपम प्यार,
जन्मों जनम से हमारे है,
बाँके बिहारी हमारे है,
हम है बाँके बिहारी के,
बांके बिहारी हमारे है।bd।

---

हम है बांके बिहारी के,
बांके बिहारी हमारे है,
पल भर ना रहते दूर कहीं,
सांचे मीत हमारे है।bd।

स्वर – श्री चित्र विचित्र महाराज जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com